**2016**

## सामान्य ज्ञान

समय : तीन घण्टे | अधिकतम अंक : 200

### विशेष अनुदेश

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए।

## GENERAL KNOWLEDGE

Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 200

### SPECIFIC INSTRUCTIONS

**All** questions are compulsory.

Marks carried by each question are indicated against it.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

**1.** *(a)* भारत की संविधान सभा की प्रमुख पाँच समितियों के नाम और उनके अध्यक्षों के नाम लिखिए। (शब्द सीमा : **40**)

Write down the names of five main Committees of Indian Constituent Assembly and their Chairmen. (Word limit : **40**) 5

*(b)* 'स्वतन्त्रता के अधिकार' संविधान के किस अनुच्छेद में वर्णित हैं? मूल संविधान में कितनी और कौन-कौन सी स्वतन्त्रताओं का उल्लेख है? 'प्रेस की स्वतन्त्रता' का वर्णन किस अनुच्छेद में है? (शब्द सीमा : **40**)

In which Article of the Constitution 'Rights of Freedom' are described? How many and which types of freedoms are there in original Constitution? In which Article, 'Freedom of Press' is included? (Word limit : **40**) 5

*(c)* 'लोकायुक्त' की नियुक्ति-प्रक्रिया तथा उसके अधिकार-क्षेत्रों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। (शब्द सीमा : **40**)

Describe in brief the appointment procedure and jurisdiction of 'Lokayukta'. (Word limit : **40**) 5

(d) 'जनहित याचिका' क्या है? इसके महत्त्वों का उल्लेख कीजिए। (शब्द सीमा : **40**)

What is 'Public Interest Litigation'? Describe its significances. (Word limit : **40**) 5

**2.** निम्नलिखित का समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए (शब्द सीमा : **75** प्रत्येक) :

Critically analyze the following (Word limit : **75** each) :

(a) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लाओस व वियतनाम यात्रा (सितम्बर 2016)

Visit of Prime Minister Narendra Modi to Laos and Vietnam (September 2016) 5

(b) 27वाँ नाटो शिखर सम्मेलन

27th NATO Summit 5

(c) कावेरी नदी जल विवाद

Kaveri River Water Dispute 5

(d) रियो पैरालिम्पिक खेल, 2016 में भारत

India in Rio Paralympic Games, 2016 5

**3.** (a) 'पुनर्जागरण' का तात्पर्य क्या था? इतिहास के किस कालखण्ड को 'पुनर्जागरण का काल' कहा जाता है? (शब्द सीमा : **75**)

What was the meaning of 'Renaissance'? Which duration of history is called 'Period of Renaissance'? (Word limit : **75**) 5

(b) बंग-भंग आन्दोलन में रवीन्द्रनाथ टैगोर की भूमिका की संक्षिप्त चर्चा कीजिए। (शब्द सीमा : **75**)

Discuss in brief the role of Rabindranath Tagore in Banga-Bhanga Movement. (Word limit : **75**) 5

(c) चौरी-चौरा काण्ड के उपरान्त गाँधीजी की भूमिका की संक्षिप्त विवेचना कीजिए। (शब्द सीमा : **75**)

Discuss in brief the role of Gandhiji after Chauri-Chaura incident. (Word limit : **75**) 5

(d) 'कामराज योजना' क्या थी? इसके तहत किन छः केन्द्रीय मंत्रियों के त्यागपत्र स्वीकृत हुए? (शब्द सीमा : **75**)

What was 'Kamraj Plan'? Which six Central Ministers' resignations were accepted under this Plan? (Word limit : **75**) 5

**4.** निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए (शब्द सीमा : **75** प्रत्येक) :

Write notes on the following (Word limit : **75** each) : 20

*(a)* जी० सैट–18

GSAT–18

*(b)* त्रिनेत्र

Trinetra

*(c)* सचेत पोर्टल

Sachet Portal

*(d)* हिमायत कार्यक्रम

Himayat Karyakram

**5.** *(a)* निम्नलिखित पुरस्कारों से सम्मानित व्यक्तियों के नाम लिखिए :

Write the names of the persons honoured by the following awards : 5

*(i)* शान्ति का नोबेल पुरस्कार, 2016

Nobel Prize for Peace, 2016

*(ii)* एकलव्य पुरस्कार, 2016

Ekalavya Puraskar, 2016

*(iii)* अर्जुन पुरस्कार (क्रिकेट), 2016

Arjuna Puraskar (Cricket), 2016

*(iv)* सतत विकास नेतृत्व पुरस्कार, 2016

Continuous Development Leadership Award, 2016

*(v)* दीनबन्धु साहू (इन्डियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स) अवार्ड, 2016

Deenabandhu Sahoo (Indian Association of Physics Teachers) Award, 2016

(b) कौन विभूति (व्यक्ति) निम्नलिखित संबोधन से भी जाने जाते हैं?

Which personality is also sub-named (or titled) as the following? 5

(i) मिसाइलमैन

Missileman

(ii) लोकनायक

Lok Nayak

(iii) सीमान्त गाँधी

Frontier Gandhi

(iv) लौह पुरुष

Iron Man (Loh Purush)

(v) पंजाब केसरी

Punjab Kesari

(c) निम्नलिखित शब्द-संक्षेपों के पूर्णरूप लिखिए :

Write the full forms of the following abbreviations : 5

(i) एम० ओ० एम०

MOM

(ii) ए० आइ० सी० टी० ई०

AICTE

(iii) आर० ए० डी० ए० आर०

RADAR

(iv) यू० एन० ई० एस० सी० ओ०

UNESCO

(v) डब्ल्यू० एच० ओ०

WHO

(d) निम्नलिखित पुस्तकों के लेखक कौन हैं?

Who are the authors of the following books? 5

(i) *अशोका इन एनसिएन्ट इन्डिया*

*Ashoka in Ancient India*

(ii) *सिटिजन एन्ड सोसायटी*

*Citizen and Society*

(iii) *ऑल दैट मैन इज़*

*All That Man Is*

(iv) *वन इन्डियन गर्ल*

*One Indian Girl*

(v) *मोदीज़ मीदास टच इन फॉरैन पॉलिसी*

*Modi's Midas Touch in Foreign Policy*

**6.** (a) वायुमण्डल के निम्नलिखित मण्डलों को ऊँचाई के बढ़ते क्रम में लिखिए :

क्षोभमण्डल, समतापमण्डल, ओजोनमण्डल, आयनमण्डल, बाह्यमण्डल

Write down the following levels (spheres) of atmosphere in ascending order of heights : 5

Troposphere, Stratosphere, Ozonosphere, Ionosphere, Exosphere

(b) भारत की जनगणना, 2011 के आधार पर सर्वाधिक साक्षरता वाले चार राज्यों—गोवा, केरल, त्रिपुरा तथा मिजोरम को घटते क्रम में लिखिए।

On the basis of Indian Census, 2011, arrange the four most literate States—Goa, Kerala, Tripura and Mizoram in descending order. 5

(c) 'स्वर्णिम चतुर्भुज योजना' के अन्तर्गत किन चार महानगरों को एक राजमार्ग से जोड़ने की योजना है? इस राजमार्ग की कुल लम्बाई लगभग कितनी होगी?

Under the Scheme of 'Swarnim Chaturbhuj Yojana', which four cosmopolitan cities are being planned to be connected by a National Highway? How much shall be the total length of this Highway? 5

(d) यू० पी० में अवस्थित केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के नाम लिखिए (उनकी संस्थापना के क्रम में)।

Write down the names of Central Universities located in UP (in chronological order). 5

**7.** निम्नलिखित योजनाओं के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डालिए (शब्द सीमा : **75** प्रत्येक) :

Throw light on the main points of the following Schemes (Word limit : **75** each) : 20

*(a)* केन्द्र सरकार की 'आय घोषणा योजना'

'Income Declaration Scheme' of Central Government

*(b)* यू० पी० सरकार की 'समाजवादी पेंशन योजना'

'Samajvadi Pension Scheme' of UP Government

*(c)* राजस्थान सरकार की 'लाड़ो रानी योजना'

'Lado Rani Yojana' of Rajasthan Government

*(d)* हरियाणा सरकार की 'पशुधन बीमा योजना'

'Pashudhan Bima Yojana' (Livestock Insurance Scheme) of Haryana Government

**8.** *(a)* वस्तु एवं सेवा कर (जी० एस० टी०) संविधान संशोधन विधेयक क्या है? केन्द्र के कौन-कौन से कर इसमें समाहित हैं? इसके क्रियान्वयन में सूचना प्रौद्योगिकी से क्या अपेक्षाएँ हैं? (शब्द सीमा : **200**)

What is Goods and Services Tax (GST) Constitution Amendment Bill? Which Central taxes are being included in it? What are the expectations from Information Technology for its implementation? (Word limit : **200**) 10

*(b)* निम्नलिखित के विषय में संक्षिप्त विवरण दीजिए (शब्द सीमा : **40** प्रत्येक) :

Give brief information about the following (Word limit : **40** each) :

*(i)* प्रौद्योगिकी संस्थान (संशोधन) अधिनियम, 2016

The Technology Institutions (Amendment) Act, 2016 5

*(ii)* प्रसूति अवकाश (संशोधन) विधेयक, 2016

The Maternity Leave (Amendment) Bill, 2016 5

**9.** *(a)* निम्नलिखित स्थान हाल ही में क्यों चर्चा में रहे हैं? (शब्द सीमा : **30** प्रत्येक)

Why have the following places been in news recently? (Word limit : **30** each) 10

*(i)* भाबरा (मध्य प्रदेश)

Bhabhra (Madhya Pradesh)

*(ii)* चरखी दादरी (हरियाणा)

Charkhi Dadri (Haryana)

*(iii)* बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश)

Bilaspur (Himachal Pradesh)

*(iv)* चौबटिया (उत्तराखण्ड)

Chaubatia (Uttarakhand)

*(v)* उड़ी (जम्मू-कश्मीर)

Uri (Jammu-Kashmir)

*(b)* हाल ही में निम्नलिखित व्यक्ति चर्चा में क्यों रहे? (शब्द सीमा : **30** प्रत्येक)

Why have the following personalities been in news recently?
(Word limit : **30** each) 10

*(i)* उर्जित आर॰ पटेल

Urjit R. Patel

*(ii)* पुष्प कमल दहल

Pushpa Kamal Dahal

*(iii)* दिलीप बाबासाहेब भोसले

Dilip Babasaheb Bhosale

*(iv)* इरोम चानू शर्मिला

Irom Chanu Sharmila

*(v)* अनुराग ठाकुर

Anurag Thakur

10. *(a)* जनपदीय न्याय प्रणाली के अनुसार प्रत्येक जनपद में कितने प्रकार के न्यायालय होते हैं? इनके नाम बताइए तथा इनके अधिकार-क्षेत्रों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। (शब्द सीमा : **150**)

How many types of Courts are there in a district according to district level judicial system? Name them and discuss briefly their jurisdictions.

(Word limit : **150**) 10

*(b)* निम्नलिखित कथनों को किसने कहा था?

Who said the following statements? 5

*(i)* ''1857 की क्रान्ति सैनिक विद्रोह न होकर एक वास्तविक राष्ट्रीय क्रान्ति थी।''

"1857 Revolution was not a Military Revolt rather it was a real National Revolution."

*(ii)* ''इन्कलाब जिन्दाबाद।''

"Inqlab Jindabad."

*(iii)* ''अभिमान के साथ घोषणा करो कि हम भारतीय हैं और प्रत्येक भारतीय हमारा भाई है।''

"Feel proud in announcing that we are Indian and every Indian is our brother."

*(iv)* ''स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और इसे हम लेकर रहेंगे।''

"Freedom is our birthright and we shall certainly get it."

*(v)* ''यदि देश का विभाजन होता है, तो मेरी लाश पर होगा।''

"If country divides, it shall be on my dead body."

*(c)* निम्नलिखित के विषय में संक्षिप्त विवरण दीजिए (शब्द सीमा : **40** प्रत्येक) :

Describe in brief about the following (Word limit : **40** each) : 5

*(i)* यू० जी०99

Ug99

*(ii)* ईश्वरीय कण

God particle

*(iii)* आइ० पी० सी०

IPC

*(iv)* सी० आर० पी० सी०

CRPC

*(v)* डी० एन० ए०

DNA

★★★

# 2016

## भाषा

समय : तीन घण्टे | अधिकतम अंक : 200

### विशेष अनुदेश

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं।

प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए।

## LANGUAGE

Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 200

### SPECIFIC INSTRUCTIONS

**All** questions are compulsory.

Marks are allotted against each question.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

**1.** Write an essay in English on any *one* of the following topics, not exceeding *500* words : 60

*(a)* Terrorist activities in the world

*(b)* Raising standards in the educational field

*(c)* Science in the service of man

**2.** Make a précis of the following passage in your own words in about one-third of its length and suggest a suitable title to it : 58+2=60

We often talk of raising our country to greater heights. But we have also to answer the questions as to what those heights are and how they can be attained. One great height, some people might say, is the economic prosperity of the people. Economic prosperity is, no doubt, a height worth-attaining as poverty tends to degrade man and we have to see to it that every citizen of the country is able to earn enough to meet his and his family's daily needs. But economic prosperity cannot be regarded as a great height. A country full of rich fools is likely to ruin itself if its citizens waste their money in hedonistic pursuits. That means man needs wisdom more than money. The implication of this assertion is that if we want a country to attain great heights, we have to make efforts to make our people wise.

Now comes the question as to how we can make our people wise. One of the ways to make people wise is to impart them right kind of education. I am aware of the fact

that learning and wisdom are two different things. But education is one of the steps leading one to wisdom. So educating people adequately can be regarded as the second great height.

The third great height is people's high level of thinking. Much depends on people's level of thinking. If the people of a country think of nothing higher than acquiring luxury goods and leading luxurious life, they will not be able to accomplish anything worthwhile. People should be ambitious to know the unrevealed secrets of the universe and to uncover the mysteries of life so that they are able to have an insight into the plan behind the existence of the universe and make appropriate use of that knowledge. (*302* words)

**3.** Translate the following passage into English : 40

स्वच्छता और स्वास्थ्य का सम्बन्ध काफी निकट का है। जहाँ स्वच्छता होगी वहाँ रोग फैलने की सम्भावना काफी कम है। पर जहाँ स्वच्छता की कमी है वहाँ रोग फैलने की सम्भावनाएँ काफी अधिक हैं। और रोग फैलने पर उस पर काबू पाना आसान काम नहीं है।

सन् २०१५ ई० में दिल्ली की सफाई-व्यवस्था चरमरा गयी जिससे वहाँ स्थान-स्थान पर कूड़े के बड़े-बड़े ढेर दिखलाई देने लगे। परिणाम यह हुआ कि वहाँ चिकनगुनिया नामक रोग फैल गया और दिल्ली के निवासी थोक में चिकनगुनिया से पीड़ित होने लगे। इस रोग में तेज बुखार होता है जो बहुधा १०३ डिग्री या १०४ डिग्री तक जाता है और रोगी को बेहोश कर देता है। साथ ही यह जोड़ों में दर्द और सूजन भी पैदा कर देता है। बुखार तो बहुधा ४ से ६ दिन में उतर जाता है पर सूजन और दर्द हफ्तों तक परेशान करते हैं।

२०१५-१६ का चिकनगुनिया दिल्ली की सीमाओं तक ही सीमित नहीं रहा अपितु आस-पास के शहरों और कस्बों में भी फैल गया और जैसी दशा दिल्ली में थी वैसी ही दशा मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, बुलन्दशहर और मुजफ्फरनगर में भी हो गयी। घर-घर लोग बीमार पड़ गये। कई घरों में तो घर के सारे निवासियों पर इस बीमारी ने एक साथ हमला किया और उन्हें कोई पानी देने वाला भी उपलब्ध नहीं रहा। कई परिवारों में एक-एक व्यक्ति को तीन-तीन बार बुखार आया।

**4.** Translate the following passage into Hindi : 40

Democracy is a system in which it is very difficult, if not impossible, to wipe out crime. In order to remove crime you have to be strict and punish the criminals adequately, but in order to win elections you have to endear yourself to everybody and appease every Tom, Dick and Harry. If you are strict and punish criminals, they will see to it that you are not elected next time. And once you lose power you are a mere nobody in the state. That is the reason why crime flourishes in democratic countries.

Nay, there are situations in which crime and politics are hand and glove with each other. In such a state criminals make you win elections and you protect them with your political power. Such a situation is unfortunate and common masses suffer in it a great deal. That is the reason why in many a country democracy has been replaced by dictatorship—whether military dictatorship or the dictatorship of the proletariat.

★★★

**2016**

**विधि (प्रश्न-पत्र–I)**

**( अधिष्ठायी विधि )**

समय : तीन घण्टे | अधिकतम अंक : 200

**विशेष अनुदेश**

अभ्यर्थियों को प्रश्न सं० **1** तथा **2** करना अनिवार्य है तथा अन्य कोई **चार** प्रश्न हल करें। कुल **छः** प्रश्न हल करने हैं।

प्रत्येक प्रश्न के अन्त में निर्धारित अंक अंकित हैं।

LAW (PAPER–I)

**( Substantive Law )**

Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 200

**SPECIFIC INSTRUCTIONS**

Candidates have to attempt Question Nos. **1** and **2**, and *any* **four** of the remaining ones. Attempt **six** questions in all.

Marks carried by each question are indicated at its end.

**1.** *(a)* ''मूल अधिकारों की घोषणा अर्थहीन है जब तक उनको प्रवर्तित कराने के लिए प्रभावशाली न्यायिक उपचार उपलब्ध न हो।'' भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त न्यायिक उपचारों की व्याख्या करते हुए इस कथन पर टिप्पणी कीजिए।

"A declaration of fundamental rights is meaningless unless there is an effective judicial remedy for their enforcement." Comment on this statement explaining the judicial remedies provided in the Constitution of India. 15

*(b)* भारतीय संविधान में ऐसे अनेकों उपबन्ध हैं जो न्यायपालिका की निष्पक्षता एवं स्वतंत्रता को सुरक्षित करते हैं। उन उपबन्धों की विवेचना कीजिए और उच्चतम न्यायालय के महत्त्वपूर्ण निर्णयों का सन्दर्भ दीजिए।

There are many provisions in the Constitution of India which secure independence and impartiality of the Judiciary. Discuss those provisions and refer to important judgements of the Supreme Court. 10

*(c)* क्या संसद मूल अधिकारों से संबंधित भारतीय संविधान के भाग III को संशोधित कर सकती है? विवेचना कीजिए।

Can Parliament amend Part III of the Constitution of India relating to Fundamental Rights? Discuss. 10

*(d)* संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों का सन्दर्भ देते हुए संघ एवं राज्यों के मध्य विधायी सम्बन्धों की व्याख्या कीजिए।

Explain relations between the Union and the States in legislative matters with reference to various Articles of the Constitution. 15

**2.** *(a)* उन आधारों को बताइए जिन पर हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत 'न्यायिक पृथक्करण की डिक्री' प्राप्त की जा सकती है। 'न्यायिक पृथक्करण की डिक्री' और 'विवाह-विच्छेद की डिक्री' में क्या अन्तर है?

State the grounds on which a 'decree for judicial separation' may be obtained under the Hindu Marriage Act, 1955. How does a 'decree for judicial separation' differ from a 'decree of divorce'? 10

*(b)* *(i)* कौन-से वर्गों के व्यक्ति हकशुफा के अधिकार का दावा कर सकते हैं, वर्णन कीजिए। क्या पड़ोस के आधार पर अभी भी हकशुफा का अधिकार उपलब्ध है? विवेचना कीजिए।

Describe the classes of persons who can claim a right of pre-emption. Whether the right of pre-emption is still available on ground of vicinage? Discuss. 5

*(ii)* हिबा, हिबा-बिल-एवज एवं हिबा-ब-शर्तुल-एवज में अन्तर कीजिए।

Distinguish between Hiba, Hiba-Bil-Evaz and Hiba-Ba-Shartul-Evaz. 5

*(c)* संविदा के पूर्वानुमानिक भंग से आप क्या समझते हैं?

मेसर्स 'एक्स० वाई० जेड०' टेक्सटाइल, 'ए० बी० सी०' गारमेन्ट शोरूम से यह संविदा करती है कि वह उसे 1000 सूती कमीजें 31 दिसम्बर, 2015 को या उसके पूर्व, ₹ 400 प्रति कमीज की दर से आपूर्ति करेगा। बाद में पहली नवम्बर, 2015 को 'एक्स० वाई० जेड०' टेक्सटाइल, 'ए० बी० सी०' गारमेन्ट शोरूम को यह सूचित करता है कि वह कमीजें आपूर्ति नहीं करेगा। इस सम्बन्ध में 'ए० बी० सी०' गारमेन्ट शोरूम को कौन-से उपचार उपलब्ध हैं, विवेचना कीजिए।

What do you understand by anticipatory breach of contract?

M/s *XYZ* Textile enters into a contract with *ABC* Garment Showroom for supply of 1000 pieces of cotton shirts at ₹ 400 per shirt to be supplied on or before 31st December, 2015. Later on, on 1st November, 2015 *XYZ* Textile informs *ABC* Garment Showroom that they will not supply the shirts. Discuss the remedies available to *ABC* Garment Showroom. 10

**3.** *(a)* बन्धक से आप क्या समझते हैं? वैध बन्धक के आवश्यक तत्त्व क्या हैं? बन्धक और भार में अन्तर कीजिए।

What do you understand by mortgage? What are the essentials of valid mortgage? Distinguish between mortgage and charge. 15

*(b)* निम्नलिखित में अन्तर कीजिए :

Distinguish between the following : 15

*(i)* निहित हित एवं समाश्रित हित

Vested interest and Contingent interest

*(ii)* पट्टा एवं अनुज्ञप्ति

Lease and Licence

4. (a) भागीदारी फर्म के अपंजीकरण के क्या प्रभाव हैं? क्या फर्म के अपंजीकरण के प्रभाव को, वाद के लम्बित रहने के दौरान, फर्म को पंजीकृत कराके दूर किया जा सकता है? विवेचना कीजिए।

मोहन और सोहन एक अपंजीकृत फर्म के भागीदार थे। भागीदारी विलेख में यह उपबन्ध था कि भागीदारों के मध्य विवाद होने की दशा में मामले को माध्यस्थम को सौंप दिया जाएगा। कुछ समय बाद दोनों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। मोहन ने मध्यस्थ नियुक्त किया परन्तु सोहन ने अपनी सहमति नहीं दी और विवाद को मध्यस्थ को सन्दर्भित करने से इन्कार कर दिया। क्या सोहन को विवाद को मध्यस्थ को सन्दर्भित करने के लिए विवश किया जा सकता है?

What are the effects of non-registration of a partnership firm? Whether the effects of non-registration of firm can be cured during pendency of the suit by getting the firm registered? Discuss.

Mohan and Sohan were partners in an unregistered firm. There was provision in partnership deed that in case of any dispute between the partners, the matter will be referred to arbitration. After some time, a dispute arose between the partners and Mohan appointed an arbitrator but Sohan did not give his consent and refused to refer the dispute to the arbitrator. Whether Sohan can be compelled to refer the dispute to the arbitration? 15

(b) ''लाभों में बँटवारा भागीदारी का प्रथम दृष्ट्या साक्ष्य है परन्तु निश्चायक नहीं।'' विवेचना कीजिए।

सन्तोष, आलोक की पत्नी है। उसने अपना स्त्री-धन आलोक को दे दिया। आलोक ने उस स्त्री-धन से अपना व्यवसाय शुरू किया। क्या सन्तोष और आलोक भागीदार हैं?

"Sharing of profit is prima facie evidence of partnership, but not conclusive." Discuss.

Santosh is wife of Alok. She gave her Stridhan to Alok. Alok started his business from that Stridhan. Whether Santosh and Alok are partners? 15

5. (a) ''वादयोग्य असावधानी का मामला तब तक उत्पन्न नहीं होगा जब तक कि सावधानी बरतने के कर्तव्य को भंग न किया गया हो।'' निर्णीत वादों की सहायता से इस कथन की विवेचना कीजिए।

"No case of actionable negligence will arise unless there is a breach of duty to take care." Discuss this statement with the help of decided cases. 10

(b) ''मूल अधिकारों के उल्लंघन पर न्यायालय प्रतिकर प्रदान कर सकता है।'' राज्य के दायित्व के विकसित होते सिद्धान्त के आलोक में इस कथन का विश्लेषण कीजिए।

"The Court can provide compensation for violation of Fundamental Rights." Analyze this statement in the light of emerging principle of liability of State. 10

(c) निम्नलिखित में अन्तर कीजिए :

Distinguish between the following : 5+5=10

(i) हमला एवं सम्प्रहार

Assault and Battery

(ii) अपमान लेख और अपमान वचन

Libel and Slander

6. (a) भारतीय न्यास अधिनियम में हितग्राही के क्या अधिकार हैं? विवेचना कीजिए।

What are the rights of beneficiary in the Indian Trust Act? Discuss. 10

(b) यथासम्भव निकटता के सिद्धान्त से आप क्या समझते हैं? यह सिद्धान्त किस प्रकार के न्यासों पर लागू होता है?

What do you understand by doctrine of cy pres? On what type of trusts this doctrine is applied? 10

(c) निम्नलिखित सूत्रों की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए :

Explain the following maxims with illustrations : 5+5=10

(i) साम्या चाहने वाले को साम्या बरतनी चाहिए।

He who seeks equity must do equity.

(ii) जहाँ साम्या समान हो, वहाँ विधि अभिभावी होगी।

Where equities are equal, the law shall prevail.

7. (a) 'चिरभोग द्वारा सुखाधिकार' से आप क्या समझते हैं? इसके आवश्यक तत्त्व क्या हैं? परस्वभोग और सुखाधिकार में अन्तर कीजिए।

What do you understand by 'easement by prescription'? What are its essentials? Distinguish between profit a prendre and easement. 15

(b) 'विनिर्दिष्ट अनुतोष' से आप क्या समझते हैं? क्या दण्ड विधि के प्रवर्तन के लिए विनिर्दिष्ट अनुतोष प्रदान किया जा सकता है?

What do you understand by 'specific relief'? Whether specific relief can be granted for enforcement of criminal law? 15

**8.** *(a)* ''बिना प्रतिफल के करार शून्य है।'' इस नियम के क्या अपवाद हैं? विवेचना कीजिए।

'अ', 'ब' से ₹ 10,000 ऋण लेता है परन्तु वह परिसीमा अधिनियम से कालवर्जित हो गया है। 'अ' लिखित रूप में 'ब' को ऋण के बदले ₹ 5,000 देने का वचन देता है। क्या यह विधिमान्य संविदा है? संविदा अधिनियम के सुसंगत उपबन्ध का उल्लेख कीजिए।

"An agreement without consideration is void." What are the exceptions to this rule? Discuss.

*A* owes ₹ 10,000 to *B* but the debt is barred by the Limitation Act. *A* signs a written promise to pay *B* ₹ 5,000 on account of debt. Is it valid contract? Refer to relevant provision of the Contract Act. 15

*(b)* न्यायालय ने 'स' को 'प' के विरुद्ध विवाह-विच्छेद का निर्णय दिया है। 'स' ने अपील की अवधि समाप्ति के पूर्व पुनर्विवाह किया है। 'प' ने विवाह-विच्छेद के आदेश-विरुद्ध अपील की जो स्वीकार कर ली गई है। 'स' के द्वितीय विवाह की विधि मान्यता बताइए। क्या इसमें कोई अन्तर पड़ेगा यदि अपील अस्वीकार कर दी जाती? दोनों पक्ष हिन्दू हैं।

*C* was granted divorce by the Court against *P*. *C* got remarried before the expiry of the period of appeal. *P* filed an appeal against the order of divorce and it has been granted. Discuss the legality of the second marriage of *C*. Will it make any difference if the appeal is dismissed? Both the parties are Hindu. 15

**9.** निम्नलिखित की व्याख्या कीजिए :

Explain the following :

*(a)* मुस्लिम विधि में तलाक के विधिक परिणाम

Legal consequences of Talak under Muslim Law 10

*(b)* अभिस्वीकृति और दत्तक ग्रहण में अन्तर

Difference between Acknowledgement and Adoption 10

*(c)* शिया और सुन्नी उत्तराधिकार विधि में अन्तर

Difference between Shia and Sunni Succession Law 10

**10.** निम्नलिखित समस्याओं में से किन्हीं **तीन** को, प्रासंगिक विधि का उल्लेख करते हुए, हल कीजिए :

Solve any *three* of the following problems by referring to relevant law :

*(a)* एक मुस्लिम पति 'डब्ल्यू॰' दूसरे विवाह की संविदा करता है। उसकी पहली पत्नी 'जेड॰', दण्ड प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत पृथक् निवास एवं भरण-पोषण का दावा करती है। 'डब्ल्यू॰' बचाव में वैयक्तिक विधि, जो उसे एक से अधिक पत्नी रखने की अनुज्ञा देती है, का तर्क देता है। निर्णय कीजिए।

A Muslim husband *W* contracts a second marriage. His first wife *Z* claims separate residence and maintenance under the Criminal Procedure Code. *W* pleads defence of his personal law which permits him to take more than one wife. Decide. 10

(b) 'ब' के घर में आग लग जाने की स्थिति में, 'अ', 'ब' को ₹ 10,000 देने की संविदा करता है। 'ब' के घर में आग लग जाती है। क्या 'ब', 'अ' से ₹ 10,000 वसूल सकता है? क्या यह बाजी संविदा है?

*A* contracts to pay ₹ 10,000 to *B* if *B*'s house is burnt. House of *B* is burnt. Can *B* recover ₹ 10,000 from *A*? Is it a wagering agreement? 10

(c) 'अ' एकान्त कमरे में 'ब' को गाली देता है। 'अ' के दायित्व को बताइए।

*A* abuses *B* in a lonely room. State the liability of *A*. 10

(d) 'अ', 'ब' को अपने भागीदार के रूप में 'स' से परिचय कराता है। 'ब' चुप रहता है। वास्तव में 'अ' और 'ब' भागीदार नहीं हैं। 'स', 'ब' को उधार माल आपूर्ति करता है। क्या 'अ', 'ब' के कार्य के लिए दायी है?

*A* introduces *B* to *C* as his partner and *B* remains silent. In fact, *A* and *B* are not partners. *C* supplies goods to *B* on credit. Is *A* liable for *B*'s act? 10

★★★

**2016**

**विधि (प्रश्न-पत्र–II)**

**( प्रक्रिया एवं साक्ष्य )**

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 200

## विशेष अनुदेश

कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है।

प्रत्येक खण्ड में से कम-से-कम **एक** प्रश्न अवश्य कीजिए।

प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सम्मुख अंकित हैं।

LAW (PAPER–II)

**( Procedure and Evidence )**

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 200

## SPECIFIC INSTRUCTIONS

Attempt **five** questions in all. Question No. **1** is compulsory.

At least **one** question must be attempted from each Section.

Marks carried by each question have been indicated against the question.

**1.** *(a)* दिनांक 5 जनवरी, 2010 को मोहन लाल यादव ने घनश्याम नारायण सिंह, जो एक दुकानदार था, के विरुद्ध एक फौजदारी परिवाद दाखिल किया। परिणामस्वरूप घनश्याम नारायण सिंह को जेल जाना पड़ा और उसकी दुकान भी बंद हो गयी। 5 जुलाई, 2011 को विचारण के पश्चात् दण्ड न्यायालय ने घनश्याम नारायण सिंह को इस आधार पर दोषमुक्त कर दिया कि मोहन लाल यादव का परिवाद झूठा और आधारहीन था। अब घनश्याम नारायण सिंह, मोहन लाल यादव के विरुद्ध विद्वेषपूर्ण अभियोजन के लिए वाद लाना चाहता है।

उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर वादी घनश्याम नारायण सिंह के लिए वादपत्र तैयार कीजिए।

On 5th January, 2010, Mohan Lal Yadav instituted a criminal complaint against Ghanashyam Narayan Singh who was a shopkeeper. As a result of this, Ghanashyam Narayan Singh had to go to jail and his shop was closed. After trial on 5th July, 2011 Ghanashyam Narayan Singh was acquitted by the criminal court on the grounds of false and baseless allegations levelled by Mohan Lal Yadav. Now Ghanashyam Narayan Singh wants to sue Mohan Lal Yadav on the grounds of malicious prosecution.

Write a plaint for Ghanashyam Narayan Singh based upon aforesaid facts. 20

*(b)* उपर्युक्त प्रश्न सं० **1.***(a)* के वादपत्र के उत्तर में प्रतिवादी मोहन लाल यादव के लिए लिखित कथन का प्रारूप तैयार कीजिए।

Prepare draft of a written statement for the defendant Mohan Lal Yadav on the basis of facts in Question No. **1.***(a)*. 20

अथवा / OR

*(a)* दिनांक 15-3-2014 को लखनऊ हवाई अड्डे पर एक कस्टम अधिकारी द्वारा जय प्रकाश नारायण की तलाशी ली जाती है। उसके कब्ज़े से एक धातु बरामद होती है। धातु के परीक्षण के लिए एक अनपढ़ अपितु अनुभवी सुनार को बुलाया जाता है। कब्ज़े से बरामद धातु के टुकड़े का परीक्षण कर सुनार बताता है कि धातु सोना है। परिणामस्वरूप सोना जब्त किया जाता है एवं विचारण के लिए मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया जाता है। अभियुक्त इस आधार पर अपना बचाव करता है कि *(i)* कस्टम अधिकारी की कार्यवाही एवं सोने की जब्ती एक अभियोजन प्रक्रिया थी अतः न्यायालय में उसका पुनःअभियोजन नहीं किया जा सकता तथा *(ii)* धातु का परीक्षण करने वाला सुनार योग्य विशेषज्ञ नहीं था अतः कार्यवाही विधिसम्मत नहीं थी।

इस प्रकरण में अभियुक्त के विरुद्ध आरोप का प्रारूप तैयार कीजिए।

On date 15-3-2014, a custom officer takes personal search of one Jai Prakash Narayan at Lucknow Airport. One metal has been recovered from his possession. One uneducated but experienced goldsmith has been called to examine the metal. After examining the recovered metal the goldsmith reveals that the metal is gold. As a result, the gold is seized and the matter has been produced before the court for trial. The accused puts forward his defence on the grounds that *(i)* the proceeding conducted by the custom officer and the seizure of gold was a prosecution therefore he cannot be put to another prosecution before the court and *(ii)* the goldsmith who examined the metal was not a qualified expert therefore proceeding was not lawful.

Prepare a draft of charge against the accused into the matter. 20

*(b)* भाग *(a)* के तथ्यों के आधार पर मामले का निर्धारण करते हुए अपना निर्णय दीजिए।

On the basis of the facts in part *(a)*, decide the matter and give your judgement. 20

## खण्ड—अ / SECTION—A

**2.** *(a)* सह-प्रतिवादीगणों के मध्य प्राङ्न्याय के सिद्धान्त को स्पष्ट कीजिए। प्राङ्न्याय, विचाराधीन मामला एवं विबन्धन से किस प्रकार भिन्न है?

Explain the principle of res judicata between co-defendants. How res judicata differs from res subjudice and estoppel? 20

*(b)* अभिवचन के मूल नियम क्या हैं? न्यायालय किन परिस्थितियों में अभिवचन में संशोधन की अनुमति प्रदान कर सकता है?

What are the fundamental rules of pleadings? What are the circumstances in which court can order amendment of pleadings? 10

*(c)* न्यायालय में अकिंचन के रूप में एक आवेदन दावा दायर करने की क्या प्रक्रिया होगी? अकिंचन वाद कौन दायर कर सकता है? अकिंचन वाद दायर करने की विधि विस्तार से समझाइए।

What procedure need to be adopted to institute a pauper suit in court of law? Who can institute such suit? Discuss the procedure in detail in pauper suit. 10

**3.** *(a)* सिविल न्यायालय अस्थायी व्यादेश कब जारी कर सकती है? व्यादेश के कितने प्रकार हैं, विस्तृत विवरण दीजिए।

When can a temporary injunction be granted by a civil court? Give details of kinds of injunctions. 20

*(b)* अन्तर-अभिवचनीय वाद क्या होता है? यह कब और किसके द्वारा संस्थित किया जा सकता है?

What is interpleader suit? When and by whom can it be instituted? 10

*(c)* किन परिस्थितियों में प्रतिवादी की सम्पत्ति वाद के निर्णय के पूर्व ही कुर्क की जा सकती है?

Under what circumstances can the property of defendant be attached before judgement? 10

**4.** *(a)* विधिक प्रतिसादन (मुजरा), साम्यिक प्रतिसादन (मुजरा) एवं प्रति-दावा के मध्य अन्तर बताइए और यह भी स्पष्ट कीजिए कि उनका दावा किस प्रकार किया जाता है तथा उनका क्या प्रभाव पड़ता है।

Distinguish among legal setoff, equitable setoff and counter-claim. Discuss also how they are claimed and what their effects are. 20

*(b)* *(i)* 'ख' के विरुद्ध विनिमय-पत्र के आधार पर 'क' वाद प्रस्तुत करता है। 'ख' अभिकथन करता है कि 'क' ने 'ख' के माल का बीमा करने में सदोष उपेक्षा की है और 'क' उसे प्रतिकर देने के लिए दायी है, जिसकी मुजराई का दावा 'ख' करना चाहता है। कारण सहित उत्तर दीजिए।

*A* sues *B* on bill of exchange. *B* alleges that *A* has wrongfully neglected to insure *B*'s goods and is liable to pay him compensation which *B* claims to set off. Answer with reasons. 10

*(ii)* 'क' निर्वसीयत मर जाता है। वह उस समय 'ख' के प्रति ऋणी है। 'ग', 'क' के वस्तुओं का दायित्व प्रशासन ग्रहण करता है। 'ख', 'ग' से वस्तुओं का भाग क्रय कर लेता है। 'ग', 'ख' के विरुद्ध क्रय की गई वस्तुओं का क्रयमूल्य प्राप्त करने का वाद दायर करता है। 'ख' ऋण के बदले में क्रयमूल्य के प्रतिसादन हेतु आवेदन करता है। कारण सहित उत्तर दीजिए।

*A* dies intestate and in debt in *B*. *C* takes out administration to *A*'s effects and *B* buys part of the effects from *C*. In a suit for purchase money by *C* against *B*, the latter wants to set off the debt. Answer with reasons. 10

## खण्ड—ब / SECTION—B

**5.** *(a)* 'स्वीकृति' एवं 'संस्वीकृति' को समझाते हुए उनके मध्य अन्तर स्थापित कीजिए तथा यह भी समझाइए कि वे किस सीमा तक न्यायालय में साक्ष्य के रूप में ग्राह्य हैं।

Explain 'admissions' and 'confessions'. Distinguish between the two to establish how far they are admissible in the court as an evidence. 20

(b) क्या निम्न स्वीकृतियाँ/संस्वीकृतियाँ ग्राह्य हैं?

Are the following admissions/confessions admissible?

(i) 'क', 'ख' के लिए भाटक संग्रह का दायित्व लेता है। 'ग' द्वारा 'ख' को देय भाटक संग्रह न करने के लिए 'ख', 'क' के विरुद्ध वाद लाता है। 'क' मना करता है कि 'ग' से 'ख' को भाटक देय था। क्या 'ग' द्वारा यह कथन कि उस पर 'ख' को भाटक देय है 'क' के विरुद्ध ग्राह्य है?

A undertakes to collect rents for B. B sues A for not collecting rent due from C to B. A denies that rent was due from C to B. Whether the statement by C that he owed rent of B is admissible against A? 10

(ii) 'ग' की हत्या के लिए 'क' का विचारण हो रहा है। यह दर्शित करने के लिए साक्ष्य है कि 'क' और 'ख' ने 'ग' की हत्या की थी। 'ख' का कथन है कि उसने तथा 'क' ने मिलकर 'ग' की हत्या की। क्या 'ख' का कथन 'क' के विरुद्ध संस्वीकृति के रूप में विचारार्थ लिया जा सकता है?

A is being tried for the murder of C. There is evidence to show that C was murdered by A and B, and that B said A and myself had murdered C. Whether the statement of B can be considered as confession against A? 10

**6.** (a) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर परिपूर्ण किन्तु संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

Write exhaustive but brief notes on any *two* of the following : 10+10=20

(i) विशेषाधिकृत संसूचनाएँ

Privileged communications

(ii) प्रत्यक्ष एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्य

Direct and circumstantial evidence

(iii) सबूत का भार

Burden of proof

(iv) विशेषज्ञ की राय

Expert opinion

(b) कारण सहित उत्तर दीजिए :

Answer with reasons :

(i) प्रश्न यह है कि क्या 'क' द्वारा 'ख' को बेचा गया घोड़ा स्वस्थ है। 'क', 'ख' से कहता है कि जाओ और 'ग' से पूछो, 'ग' इसके बारे में सब कुछ जानता है। क्या 'ग' का कथन एक स्वीकृति है?

The question is whether a horse sold by A to B is sound. A tells B to go and ask C, as C knows all about it. Whether C's statement is an admission? 10

(ii) 'ख' के कुत्ते के द्वारा क्षति पहुँचाये जाने के कारण 'क', 'ख' के विरुद्ध वाद लाता है। 'ख' जानता था कि कुत्ता हिंसक (कटखना) है। क्या यह तथ्य कि कुत्ता इसके पहले 'एक्स०', 'वाई०', 'जेड०' को भी काट चुका था और उन्होंने 'ख' से इसकी शिकायत की थी, सुसंगत है?

*A* sues *B* for damage done by dog of *B*. *B* knows the dog to be ferocious. Whether the fact that the dog had previously bitten *X*, *Y*, *Z* and they had made complaint to *B* is relevant? 10

**7.** (a) किन परिस्थितियों में ऐसे व्यक्तियों के कथन, जिनकी मृत्यु हो चुकी है अथवा जिन्हें किसी अन्य कारण से साक्ष्य हेतु बुलाया नहीं जा सकता, न्यायालय में सिद्ध किए जा सकते हैं? दृष्टान्तों की सहायता से व्याख्या कीजिए।

In what circumstances, statement made by persons, who are dead or who otherwise cannot be called as witness, may be proved in a case? Explain with illustrations. 20

(b) सह-अभियुक्त कौन होता है? सह-अभियुक्त के साक्ष्य की सुसंगतता का वर्णन कीजिए। अपने उत्तर के समर्थन में सांविधिक उपबन्धों का भी उल्लेख कीजिए।

Who is an accomplice? Describe the relevancy of the evidence of an accomplice. Support your answer with the help of statutory provisions also. 10

(c) भारतवर्ष में डी० एन० ए० परीक्षण साक्ष्य की क्या सुसंगतता है? शीना बोरा हत्याकाण्ड के पश्चात्, डी० एन० ए० साक्ष्य की पुष्टिकारक साक्ष्य के रूप में तथा परिस्थितिजन्य साक्ष्य के रूप में सुसंगतता का विश्लेषण कीजिए।

What is the relevance of DNA test evidence in India? After Sheena Bora murder case, analyze the relevancy of DNA evidence as corroborative evidence and circumstantial evidence. 10

## खण्ड—स / SECTION—C

**8.** (a) एक पुलिस अधिकारी द्वारा संज्ञेय तथा असंज्ञेय अपराधों के अन्वेषण की प्रक्रिया के अन्तर की संक्षिप्त व्याख्या निर्णीत वादों के आधार पर कीजिए। विशेषतया महिलाओं के विरुद्ध किए जाने वाले जघन्य अपराधों के प्रति सुरक्षा के संदर्भ में दण्ड विधि (संशोधन) अधिनियम, 2013 (संख्या 13, सन् 2013) द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता में किए गए मुख्य संशोधनों का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

On the basis of decided cases, discuss briefly the distinction between the procedure of investigation by a police officer in cognizable and non-cognizable offences. Specially for the protection of women against heinous crimes, what major amendments are made in the Criminal Procedure Code by the Criminal Law (Amendment) Act, 2013 (No. 13 of 2013)? Discuss in brief. 20

(b) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 2 में ज़मानती और गैर-ज़मानती अपराधों में क्या अंतर बताया गया है? दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 437 के अन्तर्गत किन परिस्थितियों में गैर-ज़मानती अपराधों में ज़मानत दी जा सकेगी? संक्षेप में उत्तर दीजिए।

Under the Code of Criminal Procedure, 1973, Section 2, how are bailable and non-bailable offences distinguished? Under what circumstances of Section 437 of the Code, bail may be given in case of non-bailable offence? Discuss in brief. 10

(c) क्या कोई पुलिस अधिकारी अन्वेषण के समय न्यायालय की अनुमति प्राप्त किए बिना किसी सम्पत्ति को कब्ज़े में ले सकता है? कब्ज़ा करने के उपरांत ऐसे अधिकारी द्वारा अपनायी जाने वाली प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

Can a police officer during investigation seize any property without the permission from the court? Describe the procedure to be followed by the officer after seizure of such property. 10

**9.** (a) अभिवाक् सौदेबाज़ी किसे कहते हैं? संक्षेप में इसकी प्रक्रिया वर्णित कीजिए। क्या ये प्रावधान सभी श्रेणी के अपराधों के संदर्भ में लागू होते हैं? क्या अपराध का पीड़ित ऐसी सौदेबाज़ी के विरुद्ध आपत्ति कर सकता है? स्पष्ट कीजिए।

What is plea bargaining? Briefly describe its procedure. Whether these provisions apply in respect of all types of offences? Can victim of crime make any objection against this bargaining? Explain. 20

(b) परिवाद मामले में मजिस्ट्रेट द्वारा अपनायी जाने वाली प्रक्रिया का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

Describe briefly the procedure to be adopted by a Magistrate in complaint cases. 10

(c) दोषसिद्धि के उपरांत कोई सत्र न्यायालय अथवा न्यायिक मजिस्ट्रेट किन परिस्थितियों में तथा किन-किन निर्दिष्ट अपराधों के संदर्भ में दोषी व्यक्ति से परिशांति कायम रखने के लिए प्रतिभूति ले सकता है? विवरण दीजिए।

In what circumstances and in respect to which offences after conviction in the case, a Session Court or a Judicial Magistrate may order for obtaining security for keeping peace from the convicted person? Describe. 10

**10.** (a) समन मामले तथा वारन्ट मामले के विचारण में अंतर स्पष्ट कीजिए।

Explain clearly the distinction in trials between summons case and warrant case. 5

(b) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अन्तर्गत विवाह के विरुद्ध अपराधों के अभियोजन की प्रक्रिया को समझाइए।

Discuss the prosecution process of offences against marriage as provided under the Criminal Procedure Code, 1973. 5

*(c)* *(i)* किसी पुलिस थाने की अधिकारिता में कोई हत्या घटित होती है। पुलिस थाना इन्चार्ज मामले में अन्वेषण प्रारम्भ कर देता है। पीड़ित पक्ष पुलिस थाना इन्चार्ज द्वारा की जा रही अन्वेषण प्रक्रिया में अनियमितताओं की शिकायत सम्बन्धित न्यायिक मजिस्ट्रेट से करता है। क्या मजिस्ट्रेट थाना इन्चार्ज को अन्वेषण रोकने का आदेश दे सकता है? यदि हाँ, तो कैसे? कारण सहित उत्तर दीजिए।

An incident of murder happens within the jurisdiction of a police station. The police station in-charge starts investigation in the case. The aggrieved party approaches the concerned Judicial Magistrate to complain against irregularities being committed by the police station in-charge during investigation. Can the Magistrate order to stop further investigation in the case? If so, then how? Answer with reasons. 10

*(ii)* दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अन्तर्गत 'निर्णय' क्या है? निर्णय में किन-किन बातों का उल्लेख किया जाना आवश्यक है? वर्णन कीजिए।

What is 'judgement' under the Criminal Procedure Code, 1973? What are essentials to be incorporated in a judgement? Discuss. 20

★★★

# 2016

## विधि (प्रश्न-पत्र–III)

### ( दाण्डिक, राजस्व एवं स्थानीय विधियाँ )

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 200

### विशेष अनुदेश

अभ्यर्थी कुल मिलाकर **छः** प्रश्नों के उत्तर दें। प्रश्न सं० **1** और **2** अनिवार्य हैं तथा शेष **दो-दो** प्रश्न खण्ड—अ और खण्ड—ब से होने चाहिए।

प्रत्येक प्रश्न के अन्त में निर्धारित अंक अंकित हैं।

## LAW (PAPER–III)

### ( Penal, Revenue and Local Laws )

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 200

### SPECIFIC INSTRUCTIONS

Candidate should answer **six** questions in all. Question Nos. **1** and **2** are compulsory and rest **two** each should be from Section—A and Section—B.

Marks carried by each question are indicated at its end.

**1.** उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 में वर्णित प्रावधानों के अधीन निम्नलिखित को समझाइए :
As per the provisions of the UP Consolidation of Holdings Act, 1953, explain the following :

*(a)* चकबन्दी क्षेत्र
Consolidation area — 10

*(b)* जोत धारक
Tenure holder — 10

*(c)* जोत की चकबन्दी के लक्ष्य एवं उद्देश्य
Aims and objectives of consolidation of holdings — 10

*(d)* चकबन्दी व्यवस्था हेतु वांछनीय शर्तें
Essential requirements of consolidation scheme — 10

**2.** निम्नलिखित पर, उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947 में वर्णित प्रावधानों के अन्तर्गत, टिप्पणियाँ लिखिए :
As per the provisions of the UP Panchayat Raj Act, 1947, write notes on the following :

*(a)* न्याय पंचायत
Nyaya Panchayat — 10

*(b)* ग्राम पंचायत
Gram Panchayat — 10

(c) ग्राम सभा की सदस्यता के लिए निर्योग्यताएँ
Disqualifications for the membership of Gram Sabha 5

(d) ग्राम प्रधान एवं उप-प्रधान का निर्वाचन
Election for Gram Pradhan and Upapradhan 5

## खण्ड—अ / SECTION—A

**3.** उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 में वर्णित निम्नलिखित को समझाइए :
Explain the following as provided under the UP Municipalities Act, 1916 :

(a) नगरपालिका, नगरपालिका क्षेत्र एवं नगरपालिका परिषद्
Municipality, Municipal Area and Municipal Council 15

(b) नगरपालिका विघटन एवं उसके परिणाम
Dissolution of Municipality and its consequences 15

(c) आपत्तिजनक व्यापार के लिए विनियमन
Regulations for offensive trades 10

**4.** (a) हस्तांतरणीय अधिकार वाले भूमिधर के अधिकारों पर प्रतिबंधों की विवेचना कीजिए।
Discuss the restrictions on the rights of the Bhumidhar having transferable rights. 20

(b) क्या अहस्तांतरणीय अधिकार वाला भूमिधर हस्तांतरणीय अधिकार वाले भूमिधर के अधिकार प्राप्त कर सकता है? यदि हाँ, तो कब और कैसे?
Can a Bhumidhar with non-transferable rights acquire rights of a Bhumidhar with transferable rights? If yes, how and when? 20

**5.** (a) अपनी जोत को पट्टे पर देने के संबंध में उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन एवं भू-सुधार अधिनियम, 1950 के अन्तर्गत कौन अक्षम व्यक्ति है? समझाइए।
एक काश्तकार, जो अक्षम व्यक्ति नहीं है, अपनी जोत को किसी व्यक्ति को पट्टे पर दे देता है। उस पट्टे का क्या परिणाम होगा? स्पष्ट कीजिए।
In relation to lease his holding, who is disabled person under the UP Zamindari Abolition and Land Reforms Act, 1950? Explain.
A cultivator who is not disabled leases out his holding. What would be the consequences of such lease? Explain. 20

(b) उत्तर प्रदेश में कृषियोग्य भूमि अन्तरण पर उ० प्र० जमींदारी उन्मूलन एवं भू-सुधार अधिनियम, 1950 में कौन-से प्रतिबंध अधिरोपित किए गए हैं?
Mention the restrictions which the UP Zamindari Abolition and Land Reforms Act, 1950 has imposed on transfer of agricultural land in UP. 20

6. *(a)* क्या हस्तांतरणीय अधिकार वाला भूमिधर अपनी जोत या जोत के किसी भाग की वसीयत कर सकता है? यदि ऐसा भूमिधर किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से संबंधित हो, तो इस संबंध में उसकी स्थिति क्या होगी? समझाइए।

Can a Bhumidhar with transferable rights bequeath his holding or any part of it?

If such Bhumidhar belongs to a Scheduled Caste or Scheduled Tribe, what shall be his position in this regard? Explain. 20

*(b)* निम्नलिखित मामलों में उत्तराधिकार का क्रम बताइए :

Point out the order of inheritance in the following cases :

*(i)* जब एक पुरुष भूमिधर अपने पीछे निम्न को छोड़कर मर जाता है :

A male Bhumidhar dies leaving behind his

(1) अविवाहित लड़की

unmarried daughter 4

(2) माता

mother 3

(3) पिता

father 3

*(ii)* जब एक महिला भूस्वामी अपने पीछे निम्न को छोड़कर मर जाती है :

A female landholder dies leaving behind her

(1) पति

husband 4

(2) पुत्र

son 3

(3) पुत्री

daughter 3

## खण्ड—ब / SECTION—B

7. *(a)* आपराधिक मनःस्थिति से आप क्या समझते हैं? भारतीय दण्ड संहिता, 1860 में आपराधिक मनःस्थिति का क्या महत्त्व है? समझाइए।

What do you understand by mens rea? What is the importance of mens rea under the Indian Penal Code, 1860? Discuss. 15

*(b)* 'क' का विवाह 'ख' महिला से होता है। 'ख' अपने पति 'क' से सन्तुष्ट नहीं रहती है। एक दिन वह अपने पति 'क' का घर छोड़कर अपने प्रेमी 'ग' के घर चली जाती है और वहाँ वह 'ग' के साथ पति-पत्नी के रूप में रहने लगती है। यहाँ 'ग' का अपराध बताइए।

*A* is married to a female *B*. *B* does not remain satisfied by her husband *A*. One day leaving her husband *A*'s house she goes to the house of her paramour *C* and there she remains with *C* as husband and wife. Discuss here *C*'s offence. 10

8. *(a)* जालसाजी और छल को परिभाषित कीजिए और उनके मध्य अन्तर स्पष्ट कीजिए।

Define and distinguish between forgery and cheating. 10

(b) 'क', 'ख' द्वारा हस्ताक्षरित एक धारक चैक जिसमें धनराशि अंकित नहीं है, एक बैंक पटल (बैंक काउन्टर) से उठा लेता है और उसमें दश हजार रुपये अंकित कर देता है। क्या 'क' ने कोई अपराध कारित किया है? कारण सहित उत्तर दीजिए।

*A* picks up a bearer cheque signed by *B* from a bank counter. No amount is shown in the cheque. *A* inserts ten thousand rupees in the cheque. Has *A* committed any offence? Answer with reasons. 10

(c) 'क' एक स्वर्णकार से एक स्वर्ण अँगूठी अपनी पत्नी को दिखाने के लिए ले लेता है लेकिन लौटाता नहीं है। स्वर्णकार पर कुछ कर्ज बकाया रहने के एवज (बदले) में उसे अपने पास रोक लेता है। क्या 'क' ने कोई अपराध किया है? कारण सहित उत्तर दीजिए।

*A* takes a golden ring from a goldsmith for showing it to his wife but does not return it to the goldsmith. *A* retains it against the debt due to him from the goldsmith. Has *A* committed any offence? Answer by giving reasons. 5

**9.** (a) स्त्री की लज्जा भंग करने के संबंध में विगत समय में भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 354 के अन्तर्गत अपराध विधि (संशोधन) अधिनियम, 2013 द्वारा जिन विभिन्न रूपों का वर्णन किया गया, उन्हें समझाइए।

Explain the different forms of outraging of modesty of a woman which in recent past the Criminal Law (Amendment) Act, 2013 has enumerated under Section 354 of the Indian Penal Code, 1860. 10

(b) 'अपराध कारित करने की तैयारी' और 'अपराध कारित करने का प्रयास' को समझाते हुए उनके मध्य अन्तर को स्पष्ट कीजिए। अपने उत्तर की पुष्टि में निर्णीत वाद या उपयुक्त उदाहरण दीजिए।

Explain 'preparation to commit crime' and 'attempt to commit crime', and point out the distinction between them. Answer with the help of suitable illustration or decided cases. 10

(c) 'क' एक तीन-सितारा (***) होटल जाता है और वहाँ ₹ 600 का खाना और पेय ले लेता है जबकि वह जानता है कि उसकी जेबें खाली हैं। वह होटल के किसी बिल का भुगतान नहीं करता है। 'क' ने कौन-सा अपराध कारित किया है? कारण सहित उत्तर दीजिए।

*A* goes to a three-star (***) hotel and there consumes foods and drinks to the sum of ₹ 600 knowing that his pockets are empty. He could not pay the amount. What offence has been committed by *A*? Answer with reasons. 5

**10.** (a) आपराधिक न्यास-भंग किसे कहते हैं? ऐसे अपराध में किन-किन बातों को सिद्ध किया जाना आवश्यक है? 'आपराधिक न्यास-भंग' और 'आपराधिक दुर्विनियोग' में अन्तर स्पष्ट कीजिए। अपना उत्तर उदाहरण सहित दीजिए।

What is Criminal Breach of Trust? What facts are to be proved for such offence? Point out the difference between 'Criminal Breach of Trust' and 'Criminal Misappropriation'. Support your answer with examples. 15

(b) 'क' अपने मकान की छत पर सीढ़ी की सहायता से चढ़ जाता है। 'ख' साशय सीढ़ी को वहाँ से हटा देता है। 'ख' ने कौन-सा अपराध कारित किया है?

*A* climbed upon the roof of his house with the help of a ladder. *B* intentionally pulls the ladder. What offence has been committed by *B*? 10

★★★